हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 15 अप्रैल 2026

04 डॉ. आंबेडकर जयंती पर श्रमदान से स्वच्छता...



07 फर्नीचर गोदाम में आग ने मचाया तांडव लाखों का...





## खबर संक्षेप

### दिव्यांगजनों को ऑन द स्पॉट वितरित किए जाएंगे सहायक उपकरण

**सीहोर।** सामाजिक न्याय विभाग द्वारा जिले के सभी नगरीय निकायों में एडिप योजना के अंतर्गत दिनांकवार ऑन द स्पॉट चिन्हांकन एवं सहायक उपकरण वितरण शिविरों का आयोजन किया जाएगा। शिविरों में ऑन द स्पॉट चिन्हांकन कर पात्र दिव्यांगजनों को कैलिपर्स एवं कृत्रिम हाथ-पैर सामग्री निःशुल्क वितरित की जाएगी। निशुल्क सामग्री वितरण के लिए फैब्रिकेटिंग एजेंसी को अधिकृत किया गया है। जारी निर्देशानुसार सीहोर जनपद पंचायत कार्यालय में 15 अप्रैल, इछावर जनपद पंचायत कार्यालय में 16 अप्रैल, आष्टा जनपद पंचायत कार्यालय में 17 अप्रैल, भैरूंदा जनपद पंचायत कार्यालय में 21 अप्रैल और बुधनी जनपद पंचायत कार्यालय में 22 अप्रैल को शिविर आयोजित किए जाएंगे।

### शासकीय ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा 19 को

**सीहोर।** अनुसूचित जाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित शासकीय ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय भोपाल में शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए 129 विद्यार्थियों द्वारा ऑनलाइन आवेदन किया गया है। प्रवेश के लिए ऑफलाईन प्रवेश परीक्षा 19 अप्रैल 2026 को प्रातः 10.00 बजे से 1.00 तक सीहोर के माता शबरी शासकीय कन्या शिक्षा परिसर में आयोजित की जाएगी।

### ग्रामीणों का फूटा गुस्सा, पंचायत और कंस्ट्रक्शन कंपनी की सांठगांठ से शासन को लाखों के राजस्व का नुकसान

# मुरम घोटालाः गहरीकरण के नाम पर तालाब का सीना चीरा, फोरलेन में खपाई 2000 डंपर मुरम!

बैफिक्र दिखा जिला मुख्यालय स्थित माइनिंग विभाग








हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला मुख्यालय की नाक के नीचे सरकारी तंत्र की मिलीभगत का एक बड़ा मामला सामने आया है। मुख्यालय के नजदीकी ग्राम बरखेड़ी में 'तालाब गहरीकरण' के नाम पर सरकार को लाखों रुपये की रॉयल्टी का चूना लगा दिया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि यहां से करीब 2000 डंपर मुरम खोदकर निकाल ली गई और जिम्मेदारों ने जांच तक करना मुनासिब नहीं समझा।

बता दें बरखेड़ी तालाब में चली जेसीबी मशीनों ने न केवल जमीन का सीना चीरा, बल्कि कायदे-कानूनों को भी तांक पर रख दिया। ग्रामीणों ने सीधा आरोप लगाया है कि शर्मा कंस्ट्रक्शन ने पंचायत के साथ साठ-गांठ कर बिना अनुमति के भारी मात्रा में मुरम निकाली। इस अवैध मुरम का इस्तेमाल बिलिकसगंज-सीहोर फोरलेन मार्ग के निर्माण में किया गया है। सवाल यह उठता है कि करोड़ों के टेंडर वाले प्रोजेक्ट में इस्तेमाल होने वाली सामग्री की रॉयल्टी आखिर किसकी जेब में गई।

### सरपंच ने बताया ग्रामीणों का हित

मामले में जब सरपंच प्रतिनिधि महेश शर्मा से सवाल किए गए तो उन्होंने इसे ग्रामीणों का हित बताया। उनका कहना है कि तालाब के गहरीकरण से जल संचय बढ़ेगा और पंचायत ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास कर इसकी अनुमति दी है। जबकि इधर हैरानी की बात यह है कि पंचायत के पास व्यवसायिक उपयोग में मुरम निकालने की अनुमति देने का कोई कानूनी अधिकार ही नहीं है।

### क्या कहते हैं नियम, पंचायत के पास नहीं है अधिकार

सीमित अधिकारः पंचायत केवल कुम्हारों या निजी घरेलू उपयोग के लिए सीमित मिट्टी की अनुमति दे सकती है।
व्यावसायिक नियमः सड़क निर्माण जैसे कार्यों के लिए खनिज विभाग और कलेक्टर कार्यालय से अस्थायी अनुमति लेना अनिवार्य है।
अनिवार्य रॉयल्टीः इतनी बड़ी मात्रा में खनिज निकालने पर शासन को रॉयल्टी देना जरूरी है, जिसे वसूलने का हक पंचायत को नहीं है।

### रायल्टी चुकाई, तब की खुदाई

वहीं प्रोजेक्ट इंचार्ज राजेश शर्मा का कहना है कि उनके पास जून 2025 तक की माइनिंग परमिशन थी और रॉयल्टी चुकाई गई है। उनका दावा है कि ग्राम पंचायत और ग्रामीणों की मांग पर हाल ही में केवल 20-25 डंपर ही निकाले गए हैं। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत व ग्रामीणों का कहना है कि तालाब के गहरीकरण से बरसात का पानी अधिक सिंचित हो सकेगा, जिससे उन्हें लाभ होगा।

### अवैध उत्खनन की श्रेणी

नियमों के अनुसार यदि पंचायत ने बिना माइनिंग विभाग की तकनीकी स्वीकृति और रॉयल्टी जमा किए खुदाई कराई है तो यह सीधे तौर पर अवैध उत्खनन की श्रेणी में आता है। इसमें न केवल मशीनें और वाहन जब्त करने का प्रावधान है, बल्कि संबंधित सरपंच और सचिव पर पद के दुरुपयोग और वित्तीय अनियमितता की कार्रवाई भी हो सकती है। फिलहाल मुख्यालय के इतने करीब हुए इस बड़े खेल पर माइनिंग विभाग की खामोशी कई सवाल खड़े कर रही है।

# वेयर हाउसिंग का बड़ा खेलः ब्लैक लिस्टेड केंद्रों पर सरकारी मेहरबानी, तिजोरी को लग रहा चूना

### कलेक्टर के आदेश के बाद भी भरा है सरकारी माल, बगल में दूसरे नाम से खोला नया वेयरहाउस

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जिले में वेयरहाउसिंग कॉर्पोरेशन की कार्यप्रणाली फिर कठघरे में है। कलेक्टर द्वारा नियमों की अनदेखी पर चार वेयरहाउसों को ब्लैकलिस्टेड और वर्ष 2026-27 के लिए सस्पेंड करने के बावजूद उनमें आज भी सरकारी गेहूं का स्टॉक भरा है। सरकारी खजाने से इनके मालिकों को लाखों रुपये किराया दिया जा रहा है।

### कौन से वेयरहाउस ब्लैक लिस्टेड?

पिछले साल गेहूं उपार्जन के दौरान बद्रीनाथ वेयरहाउस चरनाल, सुमित वेयरहाउस जावर, रामानुज वेयरहाउस चरनाल और सिद्धि विनायक वेयरहाउस आष्टा में भारी गड़बड़ी पाई गई थी। जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर कलेक्टर ने इन चारों केंद्रों को ब्लैकलिस्टेड कर दिया था।

### नियमों की खुली अनदेखी

नियमों के मुताबिक ब्लैकलिस्टेड वेयरहाउसों से सरकारी माल तुरंत खाली कराया जाना चाहिए। लेकिन सस्पेंशन के बावजूद इन वेयरहाउस में अभी भी गेहूं का स्टॉक जमा है। सवाल उठ रहा है कि जब केंद्रों को अपात्र घोषित कर दिया गया तो सरकारी खजाने से इन्हें किराया क्यों दिया जा रहा है।

### नया नाम, वही मालिक का खेल

मामले का सबसे चौंकाने वाला पहलू चरनाल में सामने आया। बताया जा रहा है कि ब्लैकलिस्टेड वेयरहाउस एक भाजपा नेता का है। अब उसी परिसर में एक नया सेंटर खोल लिया गया। सूत्रों के अनुसार प्रोपराइटर का नाम बदलकर इसका चयन किया गया, जबकि असल मालिकाना हक एक ही है। हैरानी की बात यह है कि इस नए नाम वाले वेयरहाउस को इस साल खरीदी के लिए चयनित भी कर लिया गया और वहां काम शुरू हो चुका है।

### जांच समिति की भूमिका पर सवाल

जिले के 240 वेयरहाउसों की जांच के लिए समिति बनाई गई थी। लेकिन ब्लैकलिस्टेड केंद्रों के बगल में नए नामों से समानांतर खेल चलने से जांच समिति की निष्पक्षता पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। आखिर जांच में इन बारीकियों को क्यों नजरअंदाज किया गया, यह बड़ा सवाल है।

### अधिकारियों के गोलमोल जवाब

इस पूरे मामले पर अधिकारियों ने पल्ला झाड़ने वाले जवाब दिए। नोडल अधिकारी इमरतलाल सूर्यवंशी का कहना है, ₹कोई भी व्यक्ति अलग नाम से वेयरहाउस ले सकता है। समितियों और आपूर्ति विभाग का काम है कि वे इसकी जांच करें।₹ माल न उठाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि 2024 का माल उठ चुका है, लेकिन 2025 का माल केंद्र तय करता है कि कब उठाना है। श्यामपुर वेयरहाउस की शाखा प्रबंधक दीप्ति सिंह ने कहा, प्रोपराइटर बदलकर कोई भी आवेदन कर सकता है। अगर इसमें कोई गड़बड़ी पाई जाती है या नियमों का उल्लंघन होता है तो हम इसकी जांच कराएंगे।

# सीवन उद्धार का 11वां दिनः 85 वर्षीय बुजुर्ग महिला अपने हाथों से खाना बनाकर लाईं, सीवन योद्धाओं का बढ़ाया हौसला

### भीषण गर्मी में 18 ट्रॉली जलकुंभी निकाली, राष्ट्रीय कुश्ती कोच ने किया योद्धाओं का सम्मान

**सीहोर।** सीवन नदी के उद्धार के लिए चल रहे अभियान का सोमवार को 11वां दिन था। 'जय श्री महाकाल' के जयकारे के साथ सीवन योद्धा सुबह 9:30 बजे से ही नदी की गोद में उतर गए। भीषण गर्मी के बावजूद योद्धा चट्टान की तरह डटे रहे और दिनभर में करीब 18 ट्रॉली जलकुंभी निकालकर बाहर फेंकी।



**बुजुर्ग महिला ने जीता दिल** :अभियान के 11वें दिन का सबसे भावुक पल तब आया जब 85 वर्षीय बुजुर्ग महिला संपदा चौकसे जी 4 किलोमीटर दूर सीवन घाट पर सीवन योद्धाओं के लिए अपने हाथों से खाना बनाकर पहुंचीं। वे विशेष रूप से योद्धाओं को आशीर्वाद देने आई थीं। उनके इस जज्बे को देखकर सभी ने 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम' के नारे लगाए।

**सम्मान समारोह आयोजितः** शाम 5 बजे कर्मयोगी सीवन योद्धाओं का सम्मान समारोह रखा गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय कुश्ती के कोच व स्वर्ण पदक विजेता पहलवान राजाराम मुख्य अतिथि रहे। समाजसेवी रवि धूत और उनकी पत्नी मधु धूत भी मौजूद रहे। मुख्य अतिथियों ने माला व दुपट्टा पहनाकर सीवन योद्धाओं और बुजुर्ग महिला संपदा चौकसे जी का सम्मान किया।

**सुकून के पलः** सीवन योद्धाओं की मेहनत रंग ला रही है। अब बनाए गए भव्य जलाशय में गौ माता जल ग्रहण करती दिखीं और पंछी चहचहाते नजर आए।

**योद्धाओं का संकल्पः** कर्मठ सीवन पुत्र राजकुमार सोनी उर्फ भूरा भैया के मार्गदर्शन में सभी योद्धाओं ने सबसे पहले 'जय श्री महाकाल' बोलकर संकल्प लिया। सक्रिय सदस्य प्रकाश यादव, मुकेश राय, जगदीश वर्मा, प्रदीप चावड़ा, कैलाश चौहान, लक्ष्मण चौकसे और वैभव राठौर सीवन मां की सेवा के लिए तट पर पहुंचे।

**आगे की योजनाः** सीवन पुत्र प्रदीप चावड़ा ने बताया कि 'मैं पुत्र सीवन का, मैं पुत्री सीवन की' अभियान मंगलवार को 12वें दिन में प्रवेश करेगा। उन्होंने कहा कि कल हनुमान जी का नाम लेकर सीवन योद्धा इतिहास रचेंगे। इस अवसर पर सुरेश भगत, अशोक नामदेव, दीपक केवट, अशोक खत्री, सुधीर सोनी और दिनेश चावड़ा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### दो लाख की लागत से बना प्रवेश द्वार, बाबा साहेब के विचारों को बताया प्रेरणास्रोत

# अंबेडकर पार्क के नव-निर्मित प्रवेश द्वार का लोकार्पण नगर पालिका अध्यक्ष ने किया बाबा साहब को नमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

वार्ड क्रमांक-11 स्थित अंबेडकर पार्क में नगर पालिका द्वारा बनाए गए नव-निर्मित प्रवेश द्वार का सोमवार को भव्य लोकार्पण किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने फीता काटकर प्रवेश द्वार जनता को समर्पित किया। इस अवसर पर उन्होंने भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

### नपा अध्यक्ष बोले सभी के लिए प्रेरणास्रोत है बाबा साहब

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नपा अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा, ₹बाबा साहेब आंबेडकर का जीवन संघर्ष, समर्पण और सामाजिक न्याय के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है।₹ उन्होंने बताया कि नगर के सर्वांगीण विकास के लिए नगर पालिका सतत प्रयासरत है।

हर वार्ड में बुनियादी सुविधाओं के साथ सार्वजनिक स्थलों के सौंदर्यीकरण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। राठौर ने कहा कि अंबेडकर पार्क क्षेत्र के नागरिकों के लिए महत्वपूर्ण स्थल है, जहां प्रतिदिन लोग भ्रमण,



विश्राम और सामाजिक गतिविधियों के लिए आते हैं। यह नव-निर्मित प्रवेश द्वार न केवल पार्क की शोभा बढ़ाएगा, बल्कि क्षेत्र की पहचान को भी नई दिशा देगा,₹ उन्होंने जोड़ा। नपा अध्यक्ष ने भरोसा दिलाया कि आने वाले समय में भी जनहितैषी और विकासोन्मुख कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। इस प्रवेश द्वार के निर्माण पर लगभग 2 लाख रुपये की लागत आई है। यह कार्य स्थानीय नागरिकों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। नगर पालिका का कहना है कि यह निर्माण नागरिकों की सुविधा और क्षेत्र के विकास के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह राजपूत, वार्ड-11 के पार्षद लोकेंद्र वर्मा, नरेंद्र राजपूत, प्रदीप गौतम, कमलेश कुशवाह, मंडल अध्यक्ष सुशील ताम्रकार एवं सुदीप प्रजापति, मंडल महामंत्री नीरज जाटव, अंकित राठौर सहित भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। वार्ड-11 के सम्मानित नागरिकों की भी उल्लेखनीय सहभागिता रही।

### सामाजिक समरसता का लिया संकल्प

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी नागरिकों ने बाबा साहेब आंबेडकर के बताए मार्ग पर चलने और समाज में समरसता, समानता एवं विकास की भावना को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। यह आयोजन न केवल विकास कार्य का उद्घाटन था, बल्कि सामाजिक जागरूकता और एकजुटता का भी प्रतीक बना।

## धूमधाम से मनाई गई डॉक्टर भीमराव बाबा साहब आंबेडकर की जयंती



**सीहोर।** भारत रत्न डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की 135 भी पुण्यतिथि बड़ी धूमधाम से वार्ड क्रमांक 11 अंबेडकर पार्क में बनाई गई इस उपलक्ष में सभी सामाजिक बंधु व राजनीतिक दलों पर चढ़कर हिस्सा लिया बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर संगठित रहने का और शिक्षित रहने का संदेश दिया। इस उपलक्ष में सीहोर जाटव समाज कल्याण संगठन की ओर से नगर पालिका अध्यक्ष विकास प्रिंस राठौर जी को टाउन हॉल समीप स्थित बाबा साहब भीमराव आंबेडकर उप वन में बाबा साहब की प्रतिमा लगाने के लिए मांग पत्र सौंपा गया।

इस अवसर पर सीहोर जाटव समाज कल्याण संगठन के अध्यक्ष मनोज फ़रेला, पूर्व पार्षद नरेंद्र खंगराले, जिला पंचायत सदस्य सुनील फरेला, सनी जाटव, नरेंद्र बनवाया, अभय अहिरवार, राहुल जाटव, उमेश मंगरोलिया, कपिल पुरवइया, सचिन महोबिया, रुपेश हेमंत, कमल किशोर जाटव, आदित्य हितेंद्र कचनेरिया, जुगल , धर्मेंद्र दीवान, शिवनारायण यादव, चरण जीतू शुभम कचनेरिया , विनोद कचनेरिया प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप



### सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का हुआ समापन

**बुधनी।** करीबी ग्राम जोशीपुर में सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया गया 08से14अप्रैल तक आयोजित भागवत कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। आयोजन में कथा व्यास पंडित सुनील शर्मा (सरदार नगर वाले)के श्रीमुख से श्रद्धालुओं ने श्रीमद् भागवत कथा का रसपान किया मंगलवार को सुदामा प्रसंग का वर्णन किया गया इसमें भगवान श्री कृष्ण और सुदामा जी का मिलन हुआ कथा के दौरान भक्त भाव विभोर हो गए समापन दिवस पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

### विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति योजना के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए

**सीहोर।** जनजातीय कार्य विभाग द्वारा मध्यप्रदेश के अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों को विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति योजना के लिये आवेदन निर्धारित प्रारूप में आमंत्रित किये गए हैं। विदेश में उच्च शिक्षा, शोध उपाधि उपरान्त अध्ययन, पीएचडी एवं स्नातकोत्तर करने के लिए चयनित अभ्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। छात्रवृत्ति के लिए स्लॉटों की संख्या 50 निर्धारित की गई है। आवेदन पत्र का प्रारूप एवं विस्तृत जानकारी जनजातीय कार्य विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

जिले में धूमधाम से मनाई गई बाबा साहब भीमराव आंबेडकर की जयंती, नगर में कई स्थानों पर हुए कार्यक्रम संपन्न

# डॉ. आंबेडकर जयंती पर श्रमदान से स्वच्छता और सामाजिक जिम्मेदारी निभाने का संदेश

अभियान की विशेषता यह रही कि इसमें मातृशक्ति की प्रभावी भागीदारी देखने को मिली। करीब 10 युवतियों ने न केवल श्रमदान में सक्रिय भूमिका निभाई, बल्कि पूरे अभियान की कमान संभाली।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भैरूंदा

भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर जहां देशभर में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित हुए, वहीं भैरूंदा के युवाओं ने इस अवसर को सामाजिक सरोकार से जोड़ते हुए एक मिसाल पेश की। 'युवा समूह' के आह्वान पर नर्मदा तट स्थित नीलकंठ घाट पर करीब 26-27 युवाओं ने एकजुट होकर स्वच्छता अभियान चलाया और श्रमदान के माध्यम से घाट को स्वच्छ बनाने का संकल्प निभाया।

करीब ढाई घंटे तक चले इस अभियान में युवाओं ने कड़ी मेहनत करते हुए 2 से 3 ट्रॉली कचरा घाट से बाहर निकाला। प्लास्टिक कचरा, खरपतवार और अन्य अनुपयोगी सामग्री को हटाकर घाट को साफ-सुथरा स्वरूप दिया गया। साथ ही सूखे कचरे का सुरक्षित निस्तारण कर पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश दिया गया।

अभियान की विशेषता यह रही कि इसमें मातृशक्ति की प्रभावी भागीदारी देखने को मिली। करीब 10 युवतियों ने न केवल श्रमदान में सक्रिय भूमिका निभाई, बल्कि पूरे अभियान की कमान संभाली। उनके उत्साह, नेतृत्व और समर्पण ने अन्य युवाओं को भी प्रेरित किया, जिससे स्वच्छता के प्रति जागरूकता का सकारात्मक माहौल बना।

युवाओं ने इस पहल के जरिए यह संदेश दिया कि समाज सुधार केवल विचारों तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि उसे जमीनी स्तर पर कार्य के रूप में उतारना जरूरी है। अम्बेडकर जयंती को सेवा दिवस के रूप में मनाते हुए उन्होंने समानता, जिम्मेदारी और सामाजिक चेतना का परिचय दिया।

'युवा समूह' ने घोषणा की है कि स्वच्छता का यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा। शेष बचे कचरे की सफाई के लिए



आगामी श्रमदान 1 मई, मजदूर दिवस के अवसर पर किया जाएगा। इस अभियान में राजेश जाट छापरी, रामनिवास, मुकेश मुंडेल, संजय हवेली, दीपक पंवार, रघुवीर पंवार, अजय पटेल, मुकेश पंवार, शोभित राजपूत, रवि जाट, प्रदीप-संदीप, नारायण पंवार, इरफान, पवन सहित अनेक युवाओं ने योगदान दिया। वहीं महिला शक्ति के रूप में कामिनी, रीना, सोनिया, रोशनी, सलोनी, निकिता, खुशी, स्मिता, सुहानी और कविता की भूमिका सराहनीय रही।

### सांदीपनि विद्यालय में मनाई गई बाबा साहेब आंबेडकर जयंती, किया माल्यार्पण कर नमन



भारतीय संविधान के शिल्पी भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती मंगलवार को सांदीपनि विद्यालय, भैरूंदा में श्रद्धा और गरिमा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहेब के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई, जहां उपस्थित जनों ने उन्हें नमन करते हुए उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।इस अवसर पर आयोजित विचार गोष्ठी में वक्ताओं ने बाबा साहेब के जीवन, संघर्ष और योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्राचार्य शैलेन्द्र लोया ने अपने संबोधन में कहा कि बाबा साहेब के ऐतिहासिक कार्यों के कारण आज 136 वर्ष बाद भी वे हर भारतीय के हृदय में जीवित हैं।

### आम आदमी पार्टी ने मनाई आंबेडकर की 135वीं जयंती, माल्यार्पण कार्यक्रम आयोजित



**सीहोर।** मंगलवार को भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर जी की 135वीं जयंती के अवसर पर एक भव्य माल्यार्पण कार्यक्रम का आयोजन सुदामा नगर गंज सीहोर आंबेडकर पार्क में किया गया। कार्यक्रम मुख्य अतिथि प्रदेश संयुक्त सचिव इंजीनियर कृष्ण पाल सिंह बघेल और अध्यक्षता जिला अध्यक्ष चेतन वातवार द्वारा की गई।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों एवं कार्यकर्ताओं ने डॉ. आंबेडकर जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर वक्ताओं ने बाबा साहेब के जीवन, उनके संघर्षों एवं समाज के प्रति उनके अमूल्य योगदान पर प्रकाश डाला।प्रदेश संयुक्त सचिव इंजीनियर कृष्णपाल सिंह बघेल ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. आंबेडकर जी ने समाज को समानता, न्याय और शिक्षा का जो मार्ग दिखाया है, वह आज भी उतना ही प्रासंगिक है। वहीं जिला अध्यक्ष चेतन वास्तवार ने सभी से बाबा साहेब के विचारों को अपनाने और समाज में एकता बनाए रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, महान कौशल नरेश वर्मा लतीफ कुरैशी राकेश धाकड़ परवीन कुरेशी जयपाल ठाकुर राजेंद्र जाट विक्रम मेवाड़ाहरि सिंह पुरवइया रामचंद्र कोटिया कार्यकर्ता एवं युवा उपस्थित रहे, जिन्होंने बाबा साहेब के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

### आंबेडकर पार्क में प्रतिमा पर किया माल्यार्पण, बाबा साहेब को किया नमन

**सीहोर।** भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति के नेतृत्व में मंगलवार को श्रद्धापूर्वक कार्यक्रम आयोजित किया गया। नगर के आंबेडकर पार्क में पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने 'शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो' का नारा बुलंद किया। वक्ताओं ने कहा कि बाबा साहेब का जीवन संघर्ष और सामाजिक न्याय की मिसाल है। उनके बताए मार्ग पर चलकर ही सशक्त समाज और राष्ट्र का निर्माण संभव है। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल के समस्त पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने बाबा साहेब के संविधान निर्माण में योगदान और दलित-पिछड़ों के उत्थान के लिए किए गए कार्यों को याद किया। मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति ,सुशील ताम्रकार सुनील लोवनीय,प्रदीप गौतम कमलेश कुशवाहा लोकेंद्र वर्मा अक्षय चौहान महेंद्र मेवाड़ा आशु राजोरिया हर्ष ताम्रकर निर्देश पाटीदार प्रवेश राठौड़ घनश्याम सेन विजय यादव राजेश परिहार बंटी प्रजापति नरेंद्र बनबैया सन्नी जाटव शुभम कचनेरिया नीलेश राठौर आदि उपस्थित रहे।



### जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती ने बच्चों को किया कॉपी पेन का वितरण



**सीहोर।** सेवादल कांग्रे के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र खंगराले जाटव दलित चिंतक द्वारा डॉ.बी.आर.अम्बेडकर की 135 वी जयंती का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम अनुसूचित जाति बाहुल्य वार्ड क्रं.11 के अम्बेडकर पार्क में रखा गया। जिसमें संविधान के शिल्पकार महामानव डॉ.बी.आर.अम्बेडकर की जयंती हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर जिला कांग्रेस के अध्यक्ष राजीव गुजराती ने दलित वस्ती के बीच गरिबों को लाल दुलार करते हुए लगभग 100 बच्चों को कॉपी, कम्पास, रजिस्टर व पेन का वितरण किया गया।

सर्वप्रथम कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती द्वारा डॉ.अम्बेडकर शिक्षा के अग्रदूत महात्मा ज्योति राव फूले व भगवान बुद्ध के चित्र पर माल्यार्पण केण्डल जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की तथा डॉ.बाबा साहेब अम्बेडकर द्वारा किये गये कार्यों पर प्रकाश डाला एवं उपस्थित जनता के बीच नागरिकगणों को संविधान पर चलने की शपथ दिलाई। वरिष्ठ कांग्रेस नेता एडवोकेट महेश दयाल चौरसिया द्वारा बाबा साहेब का विचार समता स्वतंत्रता और बन्धुत्व पर आधारित उनके द्वारा कड़ी मेहनत से लिखे गये भारत के संविधान की सराहना की। कार्यक्रम में प्रीतम दयाल चौरसिया, वरिष्ठ पत्रकार के.जी.बैरागी, पार्षद आशीष गेहलोत, पवन राठौर, एड.आशीष मिश्रा, रामनारायण शर्मा, घनश्याम मीणा, एड.राजीव मिश्रा, अरूण राय, के.के.रिछारिया, आशीष रोहिला, भगत सिंह तोमर, मांगीलाल टिमरई, इंजि.जितेन्द्र सिंह, सुन्दरलाल सोनकर, दीपक सोनकर, प्रेमनारायण परमार, कमल सूर्यवंशी, कमलेश चाण्डक, भंवरलाल पेठारी, कमलसिंह सूर्यवंशी आदि कार्यकर्ता प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## जय भीम के नारों से गूंजा शहर, आंबेडकर जयंती मनाने सड़कों पर उमड़ा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भैरूंदा

डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती पर नगर भैरूंदा में आस्था, उत्साह और सामाजिक एकता का भव्य संगम देखने को मिला। "जय भीम-जय भीम" के गगनभेदी नारों से पूरा शहर गूंज उठा, वहीं सड़कों पर उमड़ा जनसैलाब बाबा साहेब के प्रति श्रद्धा और सम्मान का प्रतीक बना। समारोह समिति के नेतृत्व में निकली विशाल शोभायात्रा में युवाओं, मातृशक्ति और बच्चों की उल्लेखनीय भागीदारी रही।मंगलवार को इंदौर मार्ग स्थित मोती विहार कॉलोनी से प्रारंभ हुई शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों—दुर्गा चौक, बस स्टैंड होते हुए आंबेडकर पार्क पहुंची, जहां बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर समापन किया गया। हाथों में नीले ध्वज और बाबा साहेब के चित्र लिए लोग पूरे जोश के साथ जय भीम के नारे लगाते हुए आगे बढ़ते रहे। डोल-नगाड़ों, अखाड़ों और डीजे की धुनों पर झूमते युवाओं ने वातावरण को उत्सवमय बना दिया।शोभायात्रा के दौरान नगरवासियों, व्यापारियों और सामाजिक संगठनों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। सड़कों के दोनों ओर खड़े लोगों ने श्रद्धा और सम्मान के साथ यात्रा का अभिनंदन किया, जिससे पूरे नगर में एकता और भाईचारे का संदेश प्रसारित हुआ। आयोजन में विभिन्न राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं की सहभागिता ने सामाजिक समरसता की मिसाल पेश की। नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर आंबेडकर पार्क पहुंच कर भारत रत्न बाबा साहेब भीम राव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पणकर श्रद्धांजलि अर्पित की इस अवसर पर उन्होंने अपने संबोधन में बाबा साहेब के विचारों को आत्मसात करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि डॉ. आंबेडकर केवल संविधान निर्माता ही नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, समानता और मानवाधिकारों के सशक्त प्रहरी थे। उनके संघर्ष, शिक्षा और दृढ़ संकल्प ने समाज के वंचित वर्गों को नई दिशा और पहचान दी।उन्होंने आगे कहा कि समता, स्वतंत्रता और बंधुत्व के सिद्धांतों को जीवन में उतारना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। शिक्षा को अपनाकर ही समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है और एक मजबूत, समतामूलक राष्ट्र का निर्माण संभव है।

शोभायात्रा में स्वागत के दौरान कांग्रेस नेता विक्रम मास्ताल, संजय पटेल हवेली, गोपाल शर्मा, सहित वरिष्ठ नेता युवा कार्यकर्ता शामिल थे।

## सेंधव राजपूत क्षत्रिय समाज की ब्लॉक कार्यकारणी का गठन



**इछावर।** सेंधव राजपूत क्षत्रिय सामाजिक ट्रस्ट की पिछले दिनों उज्जैन में एक बैठक आयोजित की गई। जिससे समाज के विकास और उत्थान को लेकर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही ब्लांक कार्यकारियों का भी गठन किया गया।

इसी के तहत इछावर ब्लांक कार्यसमिति के अध्यक्ष के रूप में दीपेंद्र सिंह हरोड़ परमार निवासी देहखेड़ी एवं दशरथ सिंह ठाकुर उमरखाल, सुबास सिंह रामदासी को निर्माण समिति के अध्यक्ष नियुक्त किए गये है। जबकि देवसिंह गोरखेड़ी को उपाध्यक्ष, योगेन्द्र सिंह जादौन रामपुरा को सह सचिव, यशवंत सिंह उपाध्यक्ष बनाया गया है।

यह नियुक्तियां सामाजिक ट्रस्ट उज्जैन के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर धर्मेंद्र सिंह चौहान, उपाध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह दरबार , गोपाल सिंह लुहवाना , कृपाल सिंह आगेर , सुरेंद्र सिंह सोनगरा , द्वारा की गई है। इस मौके पर सुरेंद्र सिंह सायल, सुरेंद्र सिंह सोनगरा , अनार सिंह चौहान कोमल सिंह सिसोदिया , चंदर सिंह झाला, कृपाल सिंह दरबार ,गोविंद सिंह दरबार कुलदीप सिंह मोलगा , गोलू ठाकुर झालकी आदि प्रमुख रूप से मौजूद थे।


**कार्यालय नगर परिषद बुधनी जिला सीहोर म.प्र.**

Website-npbudni.com, Email-cmobudni@mpurban.gov.in ph 07564-234548

क्र.2026 /706 दिनांक 10/04/2026

**निविदा दर आमंत्रण सूचना (प्रथम आमंत्रण)**

एतद् द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्यों का विस्तृत विवरण http://mptenders.gov.in in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | ई-टेण्डर | कार्य का नाम एवं विवरण | अनु. लागत | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_UAD_500119_1 | वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु विभिन्न - प्रकार के निर्माण कार्य सामग्री की दरें संलग्न सूची आमंत्रित. ऑनलाईन अनुसार | 20,00,000/- | 15000/- | 2000/- | आदेशानुसार |
| 2. | 2026_UAD_500120_1 | वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु जलप्रदाय सामग्री की दरें आमंत्रित ऑनलाईन संलग्न सूची अनुसार | 20,00,000/- | 15000/- | 2000/- | आदेशानुसार |
| 3. | 2026_UAD_500121_1 | वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु विद्युत सामग्री की दरें आमंत्रित ऑनलाईन संलग्न सूची अनुसार | 20,00,000/- | 15000/- | 2000/- | आदेशानुसार |
| 4. | 2026_UAD_500122_1 | वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु मोटर पंप मरम्मत कार्य की दरें आमंत्रित ऑनलाईन संलग्न सूची अनुसार | 15,00,000/- | 15000/- | 2000/- | आदेशानुसार |
| 5. | 2026_UAD_500123_1 | वित्तीय वर्ष 2026 27 हेतु जलशुद्धिकरण हेतु केमिकल क्रय की दरें आमंत्रित ऑनलाईन संलग्न सूची अनुसार | 15,00,000/- | 15000/- | 2000/- | आदेशानुसार |
| 6. | 2026_UAD_500124_1 | वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु जलप्रदाय व्यवस्था अंतर्गत नवीन मोटर पंप कय की दरें आमंत्रित ऑनलाईन संलग्न सूची अनुसार | 20,00,000/- | 15000/- | 2000/- | आदेशानुसार |
| 7. | 2026_UAD_500125_1 | वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु टायर ट्यूब क्रय की दरें आमंत्रित ऑनलाईन संलग्न सूची अनुसार | 5,00,000/- | 15000/- | 2000/- | आदेशानुसार |
| 8. | 2026_UAD_500126_1 | वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु फ्लेक्स प्रिटिंग की दरें आमंत्रित ऑनलाईन संलग्न सूची अनुसार | 5,00,000/- | 15000/- | 2000/- | आदेशानुसार |
| 9. | 2026_UAD_500127_1 | वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु टेंट व्यवस्था की दरें आमंत्रित ऑनलाईन संलग्न सूची अनुसार | 10,00,000/- | 15000/- | 2000/- | आदेशानुसार |
| 10 | 2026_UAD_500128_1 | वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु सफाई व्यवस्था हेतु सफाई सामग्री क्रय की दरें आमंत्रित ऑनलाईन संलग्न सूची अनुसार | 20,00,000/- | 15000/- | 2000/- | आदेशानुसार |
| 11. | 2026_UAD_500129_1 | वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु पुताई कार्य एवं पेंटिंग कार्य की दरें आमंत्रित ऑनलाईन संलग्न सूची अनुसार | 20,00,000/- | 15000/- | 2000/- | आदेशानुसार |

उक्त कार्यों के निविदा प्रपत्र बेबसाईट के ऑनलाईन भुगतान कर प्राप्त हो सकेगे। उपरोक्त सभी कार्यों में जी.एस.टी का भुगतान नियमानुसार पृथक से किया जावेगा।

विस्तृत निविदा सूचना तथा अन्य जानकारी दस्तावेज देखने एवं डाउनलोड करने के लिए http://mptenders.gov.in in पर उपलब्ध है। निविदा संबंधित शर्ते एवं अन्य जानकारी के लिए कार्यालय नगर परिषद बुदनी पर सम्पर्क करें निविदा में संशोधन की जानकारी समाचार पत्र में प्रकाशित नही की जायेगी समस्त संशोधन ऑनलाईन पोर्टल पर दर्ज कराये जावेगे।

**संतोष रघुवंशी**
**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**

**सुनीता अर्जुन मालवीय**
**अध्यक्ष**


जनकपुरी आगमन और सियाराम विवाह की कथा का वर्णन

# विवाह से पहले धनुष बाण तोड़कर अहंकार को नष्ट किया: महंत उद्धवदास महाराज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

सीहोर। शहर के श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर कंचन विहार विश्वनाथपुरी में जारी नौ दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा में संत उद्धवदास ने अपने भजनों और प्रसंगों के द्वारा भगवान परशुराम के जनकपुरी आगमन और सियाराम विवाह की कथा का वर्णन किया। कथा स्थल पर श्रद्धालुओं की भीड़ नजर आई। श्रीराम के भजनों पर झूमते भक्तों के जयकारों से पूरा पंडाल गूंज उठा। उन्होंने कहाकि माता सीता भक्ति का स्वरूप है और भगवान ने उनसे विवाह से पहले धनुष बाण तोड़कर अहंकार को नष्ट किया। श्री राम का बाल्यकाल में ही सभी को साथ लेकर चलने का स्वभाव सभी भाइयों को साथ लेकर भोजन करते हैं। संत उद्धवदास महाराज ने वर्णन किया कि किस तरह अयोध्या से गाजे बाजे के साथ मिथिला आई थी मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की बारात। हर तरफ भक्ति के रंग बिखर गए। मांडवी संग भरत, उर्मिला संग लक्ष्मण और श्रुतिकीर्ति संग शत्रघ्न का विवाह सम्पन्न हुआ। सीता जी की विदाई हुई हर श्रद्धालु की आंखों से अश्रुधारा बहने लगी। मानों वो अपनी बेटी की विदाई की कथा सुन रहे हों। जानकी जी की विदाई पर मिथिला वासियों के साथ पशु-पक्षी भी विलाप करने लगे। श्रीराम कथा के दौरान संत उद्धव महाराज ने भक्तों को क्रोध पर नियंत्रण रखने की सीख दी। उदाहरण देते हुए बताया कि श्रीराम ने जब शिवजी का धनुष तोड़ा। तब भगवान परशुराम अत्यंत क्रोधित होकर मिथिला नगरी पहुंचे। लक्ष्मण के साथ हुए परशुराम संवाद का वर्णन करते हुए कहा कि वाणी हमेशा श्रेष्ठ और मधुर होनी चाहिए। जो काम तलवार नहीं करती, वह वाणी कर देती है। इसलिए वाणी और क्रोध पर नियंत्रण रहना बेहद जरूरी है।



### जीरापुर, छापीहेड़ा और माचपुर से बुलाई फायर ब्रिग्रेड ने पाया आग पर काबू

# फर्नीचर गोदाम में आग ने मचाया तांडव लाखों का सामान जलकर हुआ खाक





हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

नगर के विजया कान्वेंट स्कूल रोड के पास नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि के मकान के पीछे स्थित शारदा फर्नीचर के गोदाम में करीबन पांच बजे अचानक भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया।

देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और गोदाम में रखा शादी का फर्नीचर, सोफा सेट, डबल बेड, सेंटर टेबल, गद्दे, कूलर, फ्रिज और टीवी पूरी तरह जलकर राख हो गया। जानकारी के अनुसार गोदाम मालिक राहुल पिता ओंकारलाल विश्वकर्मा निवासी भंडावद वाले के गोदाम में आग लगने के कारणों का अभी तक खुलासा नहीं हो पाया है, लेकिन आग ने पूरे समान को चौपट कर दिया।

#### 3 घंटे में आग पर पाया काबू

घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन और पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। लेकिन आग का विकराल रूप देखते हुए प्रषासन ने आग बुझाने के लिए जीरापुर, छापीहेड़ा और माचलपुर से फायर ब्रिग्रेड की गाड़ियां बुलाई गईं। करीब 2 से 3 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। लेकिन तब तक गोदाम के अंदर के समान के साथ साथ बाहर लगी टीन शैड भी जलकर खत्म हो गई। स्थानीय नगर परिषद की फायर ब्रिगेड पहले दोर में आग बुझाने में सहायक रही वहीं बाद में फायर ब्रिगेड का पम्प नहीं चला जो जन चर्चा का विषय बना।

#### गोदाम में रखा पूरा सामान बना राख

इस हादसे में गोदाम में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर पूरी तरह नष्ट हो गया। जिससे व्यापारी को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। शादी विवाह लग्न को देखते हुए गोदाम मालिक ने लाखों रुपए का समान भर रखा था। गोदाम से लगे सचिन अग्रवाल एवं रामबाबू गुप्ता भोजपुर वाले के नवनिर्मित मकान की दीवार भी क्षति ग्रस्त हुई। मौके पर एसडीएम अंकिता जैन, एसडीओपी डीएस नागर, तहसीलदार कमलसिंह सौलंकी, थाना प्रभारी हुकम सिंह मीणा, सब इंस्पेक्टर संतोषसिंह, नगर परिषद पुलिस विभाग, तहसील विभाग का अमला एवं जन समुदाय भारी संख्या में मौजूद रहे। फिलहाल पुलिस आग लगने के कारणों की विवेचना कर रही है।

# हाईवे किनारे रेस्टोरेंट में चोरों ने चटकाए ताले, नकदी सहित सामान किया चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर



नेशनल हाईवे स्थित इंडस्ट्रीज एरिया में रविवार रात एक रेस्टोरेंट में चोरी की वारदात सामने आई। चोरों ने दुकान के जालीदार गेट और शटर के ताले तोड़कर अंदर प्रवेश किया और नकदी सहित कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया।

जानकारी के अनुसार, इंडस्ट्रीज एरिया में आनंद ट्रेडर्स के सामने, कुरावर और इंडस्ट्रीज एरिया के बीच स्थित राठौर रेस्टोरेंट संचालक पप्पू राठौर पिता अमृतलाल राठौर रविवार रात अपने पूरे परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थल पर पूजा के लिए गए हुए थे। रात करीब 11 बजे वे दुकान के आसपास का जायजा लेकर सब कुछ व्यवस्थित पाकर अपने घर लौट गए थे। लेकिन सोमवार सुबह जब वे दुकान खोलने पहुंचे तो नजारा देखकर हैरान रह गए। दुकान की जाली का ताला टूटा हुआ पड़ा था और अंदर शटर के दो ताले भी कटे व टूटे मिले। इसके बाद जब वे अंदर गए तो पलंग पेटी का ताला भी टूटा मिला। फरियादी के अनुसार, पेटी में रखे करीब 60,000 रूपये नकद, एक गुल्लक जिसमें लगभग 4-5 हजार रुपए और एक राजश्री बैग (कीमत लगभग 25,000 से 30,000) चोरी हो गया। कुल मिलाकर करीब 1,00,000 के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। आसपास के क्षेत्र में भी पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

#### स्थानीय लोगों में आक्रोश

इस घटना के बाद क्षेत्र के व्यापारियों में डर और नाराजगी का माहौल है। उनका कहना है कि हाईवे और इंडस्ट्रीज एरिया में सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं हैं, जिसके चलते चोरी की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। व्यापारियों ने पुलिस प्रशासन से रात के समय गश्त बढ़ाने और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

### अज्ञात कारण के चलते युवक ने लगाई फांसी, परिवार में छाया मातम

**कुरावर/पीलूखेड़ी।** नगर के समीप एक घटना सामने आई है, जहां 22 वर्षीय युवक ने अपने ही कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान राजेन्द्र पिता सत्यनारायण के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना सोमवार सुबह करीब 10 बजे की है। जब मृतक की छोटी बहन घर पहुंची तो उसने कमरे के अंदर भाई को फंदे पर लटका देखा। यह दृश्य देखते ही उसने शोर मचाया, जिसके बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। पड़ोसियों की मदद से युवक को तुरंत फंदे से उतारकर अस्पताल ले जाया गया, लेकिन वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि घटना के समय परिवार के सदस्य पास ही स्थित ईंट भट्टे पर काम करने गए हुए थे। युवक रविवार देर रात भोपाल से ईंट बेचकर घर लौटा था। इसके बाद सुबह करीब 10 बजे उसने यह आत्मघाती कदम उठा लिया। घटना के बाद पूरे परिवार में शोक का माहौल है। वहीं, आत्महत्या के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### मरीजों को बेहतर इलाज मिलेगा

# विधायक के प्रयास से विधानसभा क्षेत्र को मिले 8 नए डॉक्टर



**जीरापुर।** खिलचीपुर विधानसभा क्षेत्र विधायक हजारीलाल दांगी के लगातार प्रयासों से विधानसभा क्षेत्र के जीरापुर, माचलपुर खिलचीपुर में आठ नए डॉक्टर की नियुक्ति हुई, जिसमें 4 डॉक्टर सिविल अस्पताल खिलचीपुर, 3 डॉक्टर सिविल अस्पताल जीरापुर तथा 1 डॉक्टर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र माचलपुर में अपनी सेवाएं देंगे। विधायक हजारीलाल दांगी ने बताया कि उनके द्वारा लगातार आयुक्त स्वास्थ्य विभाग भोपाल, स्वास्थ्य मंत्री राजेन्द्र शुक्ल, मुख्य मंत्री मोहन यादव से संपर्क कर क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए डाक्टर की नियुक्ति करवाई गई। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में ग्रामीण एवं शहरों के मरीजों को बेहतर से बेहतर चिकित्सा इन अस्पतालों में मिल सकेगी। अधिकांश ऐसे मरीज रहते हैं जिन्हें बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए अन्यत्र जाना पड़ता है उन्हें स्थानीय स्तर पर प्राथमिक तौर पर आकस्मिक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो सके।

विधायक दांगी के प्रयासों से सिविल अस्पताल जीरापुर के लिए डॉ निलेश कुमार एनेस्थिसियोलॉजी , डॉ पूजा पटेल जनरल मेडिसिन , और डॉ शिखा मीना स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ व एक डॉक्टर माचलपुर अस्पताल के लिए डॉ आकाश मीणा की नई पदस्थापना के आदेश जारी किए हैं। स्वास्थ्य विभाग को मिली सौगात को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला का विधायक ने आभार व्यक्त किया।

# कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने उपार्जन केंद्रों का किया निरीक्षण, व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



सोमवार को जिले के कालीपीठ, चाठा एवं बैलास उपार्जन केंद्रों का कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपार्जन व्यवस्था का गहनता से अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने उपार्जन केंद्रों पर किसानों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पेयजल, छांव, बैठने की व्यवस्था सहित सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उपार्जन केंद्रों पर आने वाले किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए।

साथ ही निरीक्षण के दौरान उपार्जन केंद्र चाठा में व्यवस्थाओं में लापरवाही पाए जाने पर कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने नाराजगी व्यक्त करते हुए नोडल अधिकारी नरेश मीणा को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्य में लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके साथ ही उन्होंपने उपार्जन केंद्रों पर खरीदी प्रक्रिया, तौल व्यवस्था, रिकॉर्ड संधारण तथा अन्य व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशानुसार उपार्जन कार्य सुचारू एवं व्यवस्थित रूप से संचालित किया जाए, ताकि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य समय पर प्राप्त हो सके। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### बॉटम-5 में शामिल विभागों को रैंकिंग में सुधार के निर्देश

# समय-सीमा बैठक आयोजित, लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण के निर्देश



**राजगढ़।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. गढ़पाले ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने विभाग से संबंधित महत्वपूर्ण एवं पुराने अभिलेखों को सुरक्षित रूप से संधारित करें। उन्होंने कहा कि दस्तावेजों का डिजिटलीकरण सुनिश्चित करते हुए उन्हें पेनड्राइव अथवा ई-ऑफिस प्रणाली में सुरक्षित रूप से रिकॉर्ड किया जाए, ताकि आवश्यकता पड़ने पर आसानी से उपलब्ध हो सकें। साथ ही सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की समीक्षा करते हुए उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिए कि प्राप्त शिकायतों का गंभीरता एवं प्राथमिकता के साथ समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करें। विशेष रूप से बॉटम-5 में शामिल विभागों को एक सप्ताह के भीतर अपनी रैंकिंग में सुधार लाने के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान समय-सीमा के लंबित आवेदनों पर बिंदुवार (1-2-1) चर्चा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही आगामी 14 अप्रैल को आयोजित होने वाली डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के कार्यक्रम को लेकर भी आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. गढ़पाले ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यक्रम में हितग्राहियों की अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए उनके आवागमन सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कर ली जाएं। बैठक में अपर कलेक्टवर प्रतापसिंह चौहान सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नलों में टोटी लगाने किया प्रेरित



**जीरापुर।** नगर परिषद द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नलों में टोटी अभियान चलाया गया। नगर परिषद ने जल उपभोक्ताओं से आह्वान कर नलों में टोटी लगाने के लिए प्रेरित किया गया। जिसमें पानी भरने के बाद अपने नल की टोटी बंद करें। गर्मी ऋतु को ध्यान में रखते हुए पानी बचाओ पानी व्यर्थ ना बहाओं अभियान की शुरुआत की गई। नगर के माचलपुर रोड से अभियान प्रारंभ किया जिसमें हर कनेक्शन पर टोंटी लगाने की सलाह देने का काम वॉल मेंन करेंगे। जहां हर अपने-अपने मोहल्ले वार्ड में टोंटी लगाने की शुरुआत की गई। अभियान में प्रमुख रूप से मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरिओम शर्मा, उपयंत्री ब्रजेश उपाध्याय, जल शाखा कर्मचारी सहित नगर परिषद के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जिले में चल रहे निर्माण कार्यों का कराना होगा पंजीयन

**ब्यावरा।** श्रम पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार नियम, 1998 एवं मध्य प्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार अधिनियम, 1996 की धारा 46, 48 एवं धारा 7 क प्रावधानों के अनुसार प्रत्येक निर्माण कार्य के प्रारंभ से पूर्व संबंधित नियोजक द्वारा कार्य प्रारंभ होने के 30 दिवस पूर्व श्रम विभाग को सूचना देना एवं पंजीयन कराना अनिवार्य है, बिना पूर्व सूचना एवं बिना पंजीयन के निर्माण कार्य करना उपर्युक्त अधिनियमों एवं नियमों का उल्लंघन है। यदि किसी अपंजीकृत अथवा बिना पूर्व सूचना के संचालित निर्माण स्थल पर कोई अप्रिय घटना, दुर्घटना घटित होती है, तो उसकी समस्त जवाबदेही संबंधित नियोजक निर्माण एजेंसी ठेकेदार की होगी एवं ऐसे प्रकरणों में भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार (नियमन एवं सेवा शर्त) अधिनियम, 1996 तथा भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण उपकर अधिनियम, 1996 के प्रावधानों के अंतर्गत संबंधित अधिकारियों द्वारा विधिसम्मत वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। जिले अंतर्गत समस्त निर्माण एजेंसीयों, ठेकेदारों, नियोजकों से अपील है कि जिले अंतर्गत संचालित अपंजीकृत निर्माण कार्यों का तत्काल पंजीयन कराए एवं नियमानुसार निर्माण लागत की 1 प्रतिशत राशि उपकर के रूप में कर्मकार मंडल में जमा कराएं।

# महाविद्यालय में उच्च शिक्षा के विस्तार की मांग को लेकर एनएसयूआई ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



शहर के शासकीय महाविद्यालय में उच्च शिक्षा के अधिकार को लेकर छात्रों की महत्वपूर्ण मांगों के समर्थन में एनएसयूआई ने प्राचार्य एवं एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान एनएसयूआई शहर अध्यक्ष अलरजा कुरैशी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में छात्र प्रतिनिधि मौजूद रहे।

ज्ञापन में प्रमुख रूप से महाविद्यालय में एलएलबी,बीबीए और एमएससी जैसे महत्वपूर्ण पाठ्यक्रम प्रारंभ करने की मांग उठाई गई। एनएसयूआई का कहना है कि सारंगपुर क्षेत्र के कई मेधावी छात्र आर्थिक तंगी के चलते बाहर जाकर उच्च शिक्षा प्राप्त नहीं कर पाते हैं। वहीं दूरी और सुरक्षा कारणों से कई अभिभावक अपनी बेटियों को बाहर पढ़ने भेजने में असमर्थ रहते हैं। छात्र नेताओं ने बताया कि यदि ये कोर्स स्थानीय स्तर पर शुरू किए जाते हैं तो न केवल क्षेत्र के छात्रों को बेहतर अवसर मिलेंगे, बल्कि विशेष रूप से महिला शिक्षा को भी बढ़ावा मिलेगा। इस दौरान महाविद्यालय उपाध्यक्ष देव गुर्जर, सचिव रामपाल हाड़ा, कैफ मंसूरी, अरुण भिलाला, कपिल कराड़ा सहित एनएसयूआई की पूरी टीम उपस्थित रही। अंत में एनएसयूआई शहर अध्यक्ष अलरजा कुरैशी ने प्रशासन से मांग की कि छात्रों के हितों को ध्यान में रखते हुए इन पाठ्यक्रमों को जल्द से जल्द महाविद्यालय में प्रारंभ किया जाए, ताकि स्थानीय विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के बेहतर अवसर मिल सकें।

# महाविद्यालय में नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार शासकीय महाविद्यालय में नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा के अंतर्गत व्याख्यान एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. हिमांशु चाष्ठा ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चारू शर्मा कांस्टेबल थाना, जगदीश यादव असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर, दिलीप कुमार राठौर आर्मी एयर डिफेंस, गंगानगर, राजस्थान उपस्थित रहे। जहा अतिथियों ने कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में अग्रणी हैं और नारी शक्ति ही देश की वास्तविक शक्ति है। संचालन दिनेश दांगी ने किया संयोजक दिव्यांश शर्मा ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023 के बारे में जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर पुष्पेंद्र कुमार अहिरवार, डॉ. रश्मि सोनी, कनीज अंसारी, डॉ. कमल सिंह अहिरवार, पित्तरुस धुर्वे, भुवनेश गुप्ता, डॉ. रीना पाटीदार, डॉ. ओम प्रकाश गुप्ता, कपिल वैष्णव, केतन गुप्ता, मुकेश सेन, ललित कुमार शर्मा, रोहित मालवीय, मनोहर परमार सहित समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### पहले जाति प्रमाण-पत्र जारी फिर किया बंद

# जाति प्रमाण पत्र जारी रखने की मांग को लेकर पाल समाज ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



तहसील में पाल समाज के लोगों द्वारा अपनी समाज के जाति प्रमाण पत्र को लेकर कई दिनों से जनप्रतिनिधि प्रशासनिक अधिकारियों के चक्कर लगा रहे थे। लगातार प्रयास के बाद मुश्किल से उनके कुछ जाति प्रमाण पत्र बन पाए कि अचानक से फिर उनका जाति प्रमाण पत्र बनाना बंद कर दिया।

इसी को लेकर पाल समाज के प्रतिनिधियों ने मंगलवार को अनुविभागीय अधिकारी रोहित बम्होरे के नाम ज्ञापन देना चाहा किंतु मौके पर अनुविभागीय अधिकारी एवं तहसीलदार नहीं मिले तो समाज के प्रतिनिधियों ने उनके नाम का ज्ञापन बाबू करण परिहार को सौंपकर समाज के लोगों के जाति प्रमाण पत्र जारी करने की मांग की।



ज्ञापन में बताया गया कि सारंगपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत पाल समाज के लोग लगभग 23 गांवों में निवास करते हैं, जिनकी कुल आबादी करीब 20 हजार है। समाज की लगभग 70 प्रतिशत आबादी ओबीसी वर्ग में आती है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि पूर्व में पाल समाज के कई लोगों के जाति प्रमाण पत्र बनाए जा चुके हैं, लेकिन वर्तमान में जाति प्रमाण पत्र जारी नहीं किए जा रहे हैं। इसके चलते समाज के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विद्यार्थियों को विभिन्न शैक्षणिक योजनाओं और प्रवेश प्रक्रियाओं में जाति प्रमाण पत्र की आवश्यकता होती है, जो समय पर उपलब्ध नहीं हो पा रहा है।

इस दौरान समाजजनों ने बताया कि पहले एसडीएम कार्यालय द्वारा जाति प्रमाण पत्र जारी किए जाते थे, लेकिन अब किसी कारणवश प्रक्रिया बाधित हो गई है, जिससे विद्यार्थियों और आम लोगों में असंतोष की स्थिति बन रही है। पाल समाज के प्रतिनिधियों ने प्रशासन से शीघ्र संज्ञान लेकर जाति प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया पुनः प्रारंभ करने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो आगे आंदोलन का रास्ता अपनाया जाएगा।

# जल गंगा संवर्धन अभियान में बड़े तालाब के घाट की हुई साफ सफाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ माचलपुर

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकास खंड जीरापुर द्वारा सोमवार को नगर के बड़े तालाब की पेडिया घाट साफ सफाई की गई है। संस्था श्री महावीर चाठा कुंडी बालाजी शिक्षण समिति माचलपुर एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति माचलपुर के द्वारा घाट पर हो रही गंदगी को श्रम दान कर साफ सफाई की गई। जिसमें ब्लॉक समन्वयक बिरमसिंह परमार, नवांकुर संस्था अध्यक्ष दिनेश कुमार लववंशी, कोषाध्यक्ष राधेश्याम लववंशी, प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष यशवंतसिंह गुर्जर, सचिव सत्यनारायण गुर्जर, रामबाबू मालाकर, आकाश लववंशी, राकेश केवट, विकास केवट सहित अन्य नागरिक उपस्थित थे।

खबर संक्षेप



## श्री राम कथा महोत्सव में सम्मिलित हुए विधायक

**सीहोर।** कंचन बिहार विश्वनाथ पूरी कॉलोनी स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर प्रांगण में आयोजित नौ दिवसीय श्रीराम कथा में महोत्सव में विधायक सुदेश राय समाजसेविका अरुणा राय सम्मिलित हुए। पूज्य गुरुदेव महंत श्री उद्धव दास जी महाराज का विधायक सुदेश राय और अरुणा राय ने स्वागत सम्मान कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। व्यासपीठ की पूजा अर्चना व आरती करने के बाद विधायक सुदेश राय और श्रीमती अरुणा राय ने श्रद्धालुओं के साथ कथा सुनने का सौभाग्य प्राप्त किया। उन्होंने इस सुअवसर पर सर्व कल्याण के लिए भगवान से मंगल कामनाएं की। आयोजन समिति के द्वारा विधायक सुदेश राय और श्रीमती अरुणा राय की अगवानी की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु जन शामिल रहे।

## अखंड ब्राह्मण समाज ने मुख्यमंत्री का किया अभिनंदन



**आष्टा।** नगर में उस समय भव्य और श्रद्धामय माहौल बन गया जब अखंड ब्राह्मण समाज द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री का ऐतिहासिक स्वागत किया गया। समाज के पदाधिकारियों एवं विप्र बंधुओं ने मुख्यमंत्री का लगभग 100 किलो की विशाल पुष्प माला पहनाकर अभिनंदन किया, जो आकर्षण का केंद्र बना रहा। इस अवसर पर समाज अध्यक्ष विनीत त्रिवेदी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में विप्र बंधु उपस्थित रहे। स्वागत के दौरान पारंपरिक उत्साह, एकता और सामाजिक समर्पण का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान अखंड ब्राह्मण समाज द्वारा मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन भी सौंपा गया, जिसमें समाज की प्रमुख मांगों को प्रमुखता से रखा गया। ज्ञापन में आष्टा नगर में ब्राह्मण समाज के लिए धर्मशाला एवं मंदिर निर्माण हेतु भूमि आवंटन की मांग की गई। समाज के प्रतिनिधियों ने बताया कि धर्मशाला एवं मंदिर बनने से सामाजिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और समाज को एक स्थायी केंद्र प्राप्त होगा।

### प्रतिमा पर माल्यार्पण कर बाबा साहब को श्रद्धा-सुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया

# संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती पर अनेक जगह हुए कार्यक्रम


### जिला कांग्रेस अध्यक्ष अनु जाति विभाग घनश्याम जांगड़ा ने संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहेब का जीवन संघर्ष और न्याय दिलाने का प्रतीक है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

स्थानीय कम्युनिटी हॉल बस स्टैंड आष्टा पर संविधान निर्माता,भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर जी की 135 वी जयंती के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी अनु जाति विभाग द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस जन और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गईइस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष अनु जाति विभाग घनश्याम जांगड़ा ने संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहेब का जीवन संघर्ष और न्याय दिलाने का प्रतीक है।उन्होंने कहा कि बाबा साहेब द्वारा निर्मित संविधान हर नागरिक को समान अधिकार देता है। और विशेष कर दलित,पिछड़ों, और महिलाओं को स्वाभिमान,भाईचारा, और समरसता को मजबूत करने का काम करता है।अन्य वक्ताओं ने भी बाबा साहेब के देश के लिए अमूल्य योगदान और आदर्शों की बात कही।

इस अवसर पर कांग्रेस नेता कैलाश परमार, महिला कांग्रेस महासचिव गुलाब बाई ठाकुर,ब्लॉक कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष महेश मूंदीखेड़ी,पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र शोभाखेड़ी,शहर अध्यक्ष जाहिद खान,सुनील सेठी,सुनील कटारा,कमल सिंह चौहान, जगदीश चौहान,सोहेल मिर्ज़ा,महेंद्र टीपाखेड़ी,फैज उद्दीन,नरेंद्र कुशवाह, सुभाष नामदेव, हरि मेवाड़ा,टोनी कोठारी,एजाज खान, मोरसिंह मेवाड़ा, विजय सोलंकी,चेतन भाटी,कृपाल मालवीय,दिलीप मालवीय,मुन्ने खां, दिलीप आंवले, राजेंद्र भारती, जितेंद्र ठेकेदार, रामचरण दवारिया, राधेश्याम मालवीय, निसार मसूदी, अखिलेश पंड्या, शंकर बड़ोदिया,दीपक परमार, ऋषभ चित्तौड़ा, जुगल मालवीय ,मोतीलाल मालवीय,शुभम नामदेव,निखिल कुशवाह सहित कांग्रेस जन उपस्थित रहे।



## रविदास जांगड़ा समाज ने बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाई बाबा साहब आंबेडकर की जयंती

आष्टा मे संविधान निर्माता, बोधिसत्व, भारत रत्न, डॉ. बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर की 136वीं जयंती रविदास जांगड़ा समाज द्वारा बड़े हर्ष उल्लास के साथ कन्नौज रोड आंबेडकर भवन पर मनाई सर्वप्रथम समाज द्वारा बड़ी माला से बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्या अर्पण किया इसके बाद समाज के सभी सामाजिक बंधुओ ने एक दूसरे को बाबा साहब के जन्म जयंती की बधाई शुभकामनाएं प्रेषित की सभी लोगों ने बाबा साहब के बताए हुए रास्तों पर चलकर समाज सेवा राष्ट्र सेवा करने का संकल्प लिया इस अवसर पर रविदास जांगड़ा समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे प्रमुख रूप से कैलाश बगाना रविदास जांगड़ा समाज धर्मशाला अध्यक्ष जितेंद्र गोयल जितेंद्र खैलवाल दिलीप गोयल आत्माराम चौरसिया बलवंत सिंह बगाना लखन सिंह दामडिया नरबत सिंह सिलोरिया जीतेंद्र रैकवाल सावत सिंह अस्ताया हेमराज मुगली कैलाश ठेकेदार जितेंद्र रैकवाल जगदीश ठेकेदार नाथू सिंह बगाना योगेश बड़ोदिया मेहरबान रैकवाल रामेश्वर दामदिया जगदीश दामडिया ज्ञान सिंह दामडिया कुंदन बामनिया राधेश्याम पेरवाल एडवोकेट कन्हैया लाल पेरवाल संतोष सूर्यवंशी जीजार जी भंवरा संतोष खैलवाल हमीर सिंह गोयल जीवन ठेकेदार एवं बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।



## चल समारोह निकाला



बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के पावन अवसर पर आयोजित भव्य चल समारोह का स्वागत हिंदू उत्सव समिति द्वारा बड़े ही उत्साह, श्रद्धा एवं गरिमा के साथ किया गया।

इस गरिमामय चल समारोह के अध्यक्ष बापू लाल मालवीय (जिला पंचायत सदस्य) रहे। साथ ही आदरणीय कमल सिंह चौहान (जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि), दीक्षा सोनू, गुणवान, जगदीश द्रवीण सहित अनेक गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

स्वागत करने वालों में पूर्व हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष संजय सोनी (बंटू), भाई उमेश शर्मा, रुपेश जी राठौर, मंडी व्यापारी मनोहर जी साहू, प्रदीप राठौर मोदी, राम मंदिर समिति के अध्यक्ष गोविंद जी सोनी, हेमंत जी सोनी, वरिष्ठ समाजसेवी गोपाल ताम्रकार, उमेश मुकाती, पवन पहलवान गणेश सोनी, हरित मुकाती तथा हिंदू उत्सव समिति के वर्तमान अध्यक्ष नारायण सिंह भुरू मुकाती सहित अनेक कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित रहे।

## भाजपा मंडल जावर ने मनाई बाबासाहेब आंबेडकर की 136 वीं जयंती



**जावर।** नगर जावर में भारतीय जनता पार्टी मंडल जावर द्वारा बाबा साहब भीमराव आंबेडकर की 136वीं जन्म जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ आंबेडकर चौराहे पर मनाई सर्वप्रथम बाबा साहब आंबेडकर जी की मूर्ति पर माल्या अर्पण कर नमन किया साथ ही बाबूलाल पटेल द्वारा उद्बोधन दिया गया एवं बाबा साहब के बताए हुए मार्ग एवं सिद्धांत पर चलने का संकल्प लिया इस अवसर पर प्रमुख रूप से भारतीय जनता पार्टी का वरिष्ठ नेता बाबूलाल पटेल, मंडल अध्यक्ष विजेंद्र सिंह ठाकुर,नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज वैद्य ,जिला मंत्री जय सिंह ठाकुर ,धर्मेंद्र सिंह ठाकुर, दयाराम परिहार ,राजेंद्र सिंह ठाकुर ,आजाद सिंह सेठ, वीरेंद्र सिंह ठाकुर ,मदन विश्वकर्मा, योगेश भावसार ,केलास सोलंकी, राजू भावसार ,कमल पाटोदिया, गोविंद राम मालवीय ,कुमेर सिंह,जीवन मालवीय,रवि मालवीय सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

**डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती, ब्लॉक कांग्रेस ने प्रतिमा पर किया माल्यार्पण :** जावर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जावर के नेतृत्व में बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने जावर स्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अरविंद सिंह ठाकुर ने कहा बाबा साहेब आंबेडकर ने न सिर्फ देश, बल्कि पूरे विश्व के लिए समानता की कल्पना की थी। देश के संविधान निर्माण में उनकी भूमिका ऐतिहासिक रही। उन्होंने अति पिछड़े, गरीब एवं शोषित वर्ग के उद्धार के लिए जीवन भर कार्य किया। उन्हीं की दूरदर्शिता का परिणाम है कि आज विविधताओं के बावजूद भारत संविधान रूपी माला में एकजुट होकर विश्व पटल पर मजबूती से खड़ा है। आज का मजबूत भारत डॉ. आंबेडकर, महात्मा गांधी, पं. जवाहरलाल नेहरू, सरदार वल्लभभाई पटेल जैसे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की मेहनत का ही परिणाम है। उन्होंने सभी को बाबा साहब के जन्मदिन की हार्दिक बधाई दी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ कांग्रेस नेता पार्षद राजेंद्र भरेवा, पार्षद जाकिर हुसैन, वरिष्ठ नेता गोपालकृष्ण अजमेरा, मनोज जैन, लाल्ला पहलवान ,पप्पू भाई मंसूरी पार्षद, रतन परिहार, धर्मेंद्र सिंह ठाकुर, तौसीफ शेख तुलसीराम परिहार ,संजय धनगर ,मेघराज बागवान सहित अन्य पार्षदगण एवं कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## नपाध्यक्ष हेमकुंवर मेवाड़ा के मुख्य आतिथ्य में मनी बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की जयंती



**आष्टा।** नगरपालिका द्वारा नपाध्यक्ष हेमकुंवर रायसिंह मेवाड़ा के मुख्य आतिथ्य में संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की 133वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ वार्ड क्रमांक 13 हाथीखाना स्थित प्रतिमा स्थल पर मनाई गई।

जयंती कार्यक्रम के प्रारंभ मुख्य अतिथि नपाध्यक्ष हेमकुंवर मेवाड़ा द्वारा बाबा साहब की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जलित कर माल्यार्पण किया, तत्पश्चात् उपस्थितजनों ने भी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर बाबा साहब को श्रद्धा-सुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस दौरान वक्ताओं ने बाबा साहेब के जीवन संघर्ष और देश के प्रति उनके योगदान को याद किया गया। उनके बताए ''शिक्षित बनो, संगठित रहो'' और ''संघर्ष करो'' के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। बाबा साहेब ने देश को एक ऐसा संविधान दिया जो हर नागरिक को समानता का अधिकार प्रदान करता है।

उनके विचार आज भी समाज के उत्थान के लिए अत्यंत प्रासंगिक हैं। इस अवसर पर नपाध्यक्ष हेमकुंवर मेवाड़ा के साथ नगर महामंत्री एवं पार्षद तारा कटारिया, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि विशाल चौरसिया, पार्षद प्रतिनिधि तेजपाल कल्लू मुकाती, सिटी मिशन मैनेजर महेन्द्र पोसवाल, गबू सोनी, मोहम्मद इसरार, नारायण सोलंकी, जगदीश वर्मा, सामुदायिक संगठक पार्वती शर्मा, शिवराज अहिरवार, विजय मेवाड़ा, आशीष बैरागी, आकाश चौहान, कृष्णमोहन जोशी, प्रमोद श्रीवास्तव, समर अली, राकेश विश्वकर्मा, धर्मेन्द्र दिसावरी, कुलदीप सोनी, मनीष किल्लौदिया, अरूण विश्वकर्मा, श्रवण सोलंकी आदि मौजूद थे।

## जावर नगर को विज्ञान संकाय की सौगात देने पर मुख्यमंत्री का माना आभार

**जावर।** आष्टा में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा जावर नगर में शासकीय महाविद्यालय में विज्ञान संकाय ओर जावर नगर परिषद की सीमा से जावर जैन धर्मशाला तक रोड चौड़ी करण डिवाइडर लाइट सौंदर्य करण गुराडिया वर्मा में डैम निर्माण की करोड़ों रुपए की सौगात देने पर जावर नगर परिषद अध्यक्ष मंजू वैद्य प्रतिनिधि मनोज वैध ,मंडल अध्यक्ष विजेंद्र ठाकुर ने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव प्रभारी मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर, सांसद महेंद्र सोलंकी, जिला अध्यक्ष नरेश मेवाडा और आष्टा विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर का आभार व्यक्त किया और मनोज वैद्य ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा हमारे जावर नगर को विशेष रूप से जो सौगात दी गई है वह एक ऐतिहासिक कार्य निश्चित ही शासकीय महाविद्यालय में विज्ञान संकाय आने पर हमारे बेटे बेटियों को अब पढ़ाई करने के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा हमारे शासकीय महाविद्यालय में ही अब वह अपना अध्ययन कर पाएंगे वहीं जावर की सीमा से जैन धर्मशाला तक रोड चौड़ीकरण और लाइटिंग सुंदरीकरण से हमारा जावर नगर और सुंदर बनेगा जिस प्रकार मेरे मन में स्वर्णिम जावर का सपना है वह सपना हम धीरे-धीरे पूरा कर रहे हैं जिस प्रकार मुख्यमंत्री ने जिला अध्यक्ष ने विधायक ने हमें बड़ी सौगातें दी है वह एक ऐतिहासिक कदम है।



## जनगणना 2027 के लिए प्रशिक्षण आज से होगा शुरू

**जावर।** सीहोर जिले की जावर तहसील में आगामी जनगणना 2027 को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण 15 अप्रैल 2026 से प्रारंभ किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण शासकीय महाविद्यालय जावर में आयोजित होगा। तहसीलदार एवं चार्ज अधिकारी (जनगणना) जावर ओमप्रकाश चोरमा ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रशिक्षण तीन चरणों में संपन्न कराया जाएगा। प्रथम बैच का प्रशिक्षण 15 से 17 अप्रैल तक, द्वितीय बैच का प्रशिक्षण 19 से 21 अप्रैल तक तथा तृतीय बैच का प्रशिक्षण 23 से 25 अप्रैल तक आयोजित किया जाएगा।


उन्होंने बताया कि सभी प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को तीन-तीन दिवस का प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसमें कुल 5 मास्टर ट्रेनर शामिल रहेंगे। प्रशिक्षण का समय प्रतिदिन प्रातः 9:30 बजे से सायं 5:00 बजे तक निर्धारित किया गया है। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को जनगणना से संबंधित सभी आवश्यक पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी जाएगी, ताकि वे अपने दायित्वों का निर्वहन कुशलतापूर्वक कर सकें। प्रशासन का उद्देश्य है कि जनगणना कार्य को पूरी सटीकता और पारदर्शिता के साथ संपन्न कराया जा सके।

### सेन महाराज की आरती कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया

# आस्था की नगरी में धूमधाम से मनाई गई सेन महाराज जयंती, प्रतिमा की उतारी आरती

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

सेन महाराज ने समाज को सेवा, समर्पण और सदाचार का मार्ग दिखाया, जो आज भी प्रासंगिक है उन्होंने यह संदेश दिया कि कोई भी व्यक्ति अपने कर्म और भक्ति से महान बन सकता है, चाहे उसका सामाजिक स्तर कुछ भी हो वे भक्ति आंदोलन के प्रमुख संत थे यह उद्गार पूर्व नपाध्यक्ष कैलाश परमार ने सेन महाराज की जयंती पर समाजजन द्वारा सेन चौराहे पर आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किये। सेन समाज द्वारा संत शिरोमणि सेन महाराज की जयंती बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर नगर के इंदौर नाका स्थित सेन महाराज चौराहे पर स्थापित उनकी प्रतिमा पर विधिवत पूजन-अर्चन एवं आरती का आयोजन किया गया। सेन समझ समिति के अध्यक्ष चेतन वर्मा, वरिष्ठ डॉ सुरेश सेन, संतोष मालवीय, दुर्गा सेन, सतीश मालवीय सहित सभी समाज जनों ने अतिथिगण का स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान प्रभु प्रेमी संघ के महासचिव प्रदीप प्रगति ने सेन महाराज के जीवन चरित्र और उनके आदर्शों को स्मरण करते हुए उन्हें नमन किया। सकल समाज के अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाह, सामाजिक कार्यकर्ता एच आर परमाल, संयोजक मुकेश नामदेव, मनीष डूंगरे ने उनके बताए मार्ग पर चल कर सभी समाज जन से प्रगतिशीलता को अपनाने और सामाजिक कुरूतियो को दूर करने के साथ ही शिक्षा और सामाजिक एकता अपनाने पर जोर दिया। उल्लेखनीय है कि इंदौर भोपाल मार्ग स्थित इंदौर नाके के चौराहे का नामकरण पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष कैलाश परमार के कार्यकाल में किया गया था। इस अवसर पर पूर्व नपा अध्यक्ष श्री परमार का भी समाज द्वारा सम्मान किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्त्री पुरुष भक्तजन उपस्थित थे। सभी ने मिलकर सेन महाराज की आरती कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस आयोजन ने सामाजिक एकता और श्रद्धा का सुंदर संदेश दिया।



## संत शिरोमणि सेन महाराज की 726वीं जयंती धूमधाम से मनाई, निकाली शोभायात्रा जगह-जगह हुआ स्वागत





**जावर ।** जावर नगर में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी सेन जयंती बड़े ही हर्ष उल्लास से मनाई गई श्रीराम मंदिर प्रांगण से सेन जी महाराज की शोभायात्रा पूरे नगर में निकाली गई जगह जगह नगर के धार्मिक सामाजिक संगठनों के लोगो द्वारा पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया एवं पूजा अर्चना की गई शोभायात्रा का समापन राम मंदिर प्रांगण में हुआ इस दौरान भारी संख्या में जावर नगर सहित आसपास ग्रामीण क्षेत्रों से सामाजिक लोग मौजूद रहे सभी महिला पुरुषों द्वारा सेन जी महाराज की आरती पूजा अर्चना की गई।आरती उपरान्त सभी सामाजिक वरिष्ठ लोगो द्वारा निर्णय लिया गया और सर्व सहमति से सेन समाज जावर के अध्यक्ष का चयन करते हुए विजेन्द्र सेन को अध्यक्ष चुना गया साथ ही कमलेश सेन उपाध्यक्ष ,सत्यम सेन सचिव, विक्की सेन को कोषाध्यक्ष के पद पर मनोनीत कर सभी सामाजिक वरिस्टजनो एवं युवाओ द्वारा स्वागत सम्मान कर दी शुभकामनाएं बधाई अंत मे भोजन प्रसादी ग्रहण कर कार्यक्रम का हुआ समापन।